रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
रविवार, 05 मई 2019, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

PAGE NO. 10 : MIDDLE

एसआरएमएस में हुआ 14 माह के बच्चे के हृदय का ऑपरेशन

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

एसआरएमएस में 14 माह के बच्चे के हृदय का जटिल आपरेशन हुआ। बच्चा गंभीर बीमारी से पीड़ित था और बेहद नाजुक स्थिति में एसआरएमएस में भर्ती कराया गया था। आपरेशन के बाद उसकी हालत में काफी सुधार हुआ है और उसे छुट्टी दे दी गई है।

बीते 27 अप्रैल को 14 माह के बच्चे को एसआरएमएस में भर्ती कराया गया था। जांच में पता चला था कि बच्चा डाउन सिंड्रोम एक्योनोटिक कंजेनायटल हार्ट डिसीज से पीड़ित है। डाक्टर अतुल कुमार की देखरेख में बच्चे का इलाज शुरू हुआ। डाक्टर अमरेश कुमार अग्रवाल ने बच्चे की इको कार्डियोग्राफी की। उन्होंने पाया कि बच्चे की हालत बेहद नाजुक है। उसके बारे में विशेषज्ञ

एसआरएमएस में 14 महीने के बच्चे के हृदय का जटिल ऑपरेशन किया गया।

डाक्टर विकास दीप गोयल से भी परामर्श लिया गया। बच्चे की हालत को देखते हुए डाक्टरों ने वेंटिलेटर पर ही उसके आपरेशन का निर्णय लिया। डाक्टरों की टीम ने बच्चे का ऑपरेशन किया और उसे आईसीयू में रखा गया। उसकी हालत में सुधार होने के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।